दौरा कर रहा था। वसूली की रकम रुपए को लूटकर भाग निकले।

प्रतिमा पर पड़ी हुई है। गांधीजी की प्रतिमा के इस तरह अपमान की

सरपंच अपने क्षेत्र में विकास कार्य को तरस गए।

ANCHOR

श्रीकृष्ण गोशाला चांपा में अजजा आयोग के अध्यक्ष साय का अभिनंदन

विकास के लिए समरसता का विषय प्रासांगिक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जांजगीर-चांपा. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) नंदकुमार साय के आगमन पर जिला मुख्यायल जांजगीर सहित चांपा में नागरिक अभिनंदन किया गया।

इस दौरान चांपा-सिवनी मोड़ से ग्राम कुरदा प्रवेश करते हुए जगदल्ला तहसील रोड में शहीद वीर नारायण सिंह, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं गुरूघासीदास बाबा जैत स्तंभ में अध्यक्ष साय ने माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन किया। इसके बाद सिंधी कालोनी बरपाली चौक, मंझली तालाब लायंस चौक, राजकिरण दुग्गड़ उद्यान चौक, शहीद स्मारक चौक, बापू बालोद्यान, सुभाष चौक, चंद्रशेखर आजाद चौक में माल्यार्पण करते हुए पारंपरिक करमा नर्तक दल के साथ स्वागत नंदकुमार साय का श्रीकृष्ण गौशाला चांपा में नागरिक अभिनंदन किया गया। सरस्वती पूजन के पश्चात डॉ. रमाकांत सोनी द्वारा चांपा नगर के महिमा का काव्यपठन किया गया। स्वागत भाषण पं. हरिहर प्रसाद तिवारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमार पाण्डेय ने करते हुए नगरवासियों की ओर साय को नमामि देवी गंगे एवं नमामी देवी नर्मदे की तर्ज पर नमामि देवी हसदो कार्यक्रम के माध्यम से मां हसदो के उद्गम स्थल कोरिया से लेकर संगम स्थल शिवरीनारायण तक सफाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष साय ने सामाजिक समरसता के महत्व को वर्तमान भारत में सर्वाधिक प्रासांगिक बताया। इस अवसर पर चांपा नगर की जनता की ओर से स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। स्वागतकर्ताओ में पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, जिलाध्यक्ष भाजपा मेघाराम साहू, नगरपालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष भीषम राठौर, संतोष सिंह जब्बल, कार्तिकश्वर स्वर्णकार, कमललाल देवांगन, सलीम मेमन, शकुंतला सिंह, प्रदीप नामदेव, ग्यारसी मोदी, भिवेन्द्र बहादूर सिंह, धीरेन्द्र बाजपेयी, किशन सोनी, रामबल्लभ सोनी, पिताम्बर अग्रवाल, श्रीरामचंद्र थवाणी, मो. इब्राहिम मेमन, नंदकुमार देवांगन, पदमेश शर्मा, घनश्याम देवांगन, पुरूषोत्तम शर्मा, विनोद अग्रवाल, सुनील बनकर, डॉ. रवि सराफ देवदत्त सराफ आलोक पाण्डेय, मोहित राम सराफ राजूदास महंत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम... सभा को संबोधित करते साय।

नंद कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

अधिक आमदनी लेने के लिए किसान करें फसल चक्र में बदलाव: साय

साय ने कहा खरीफ की फसल लेने के बाद खेतों में छोड़ देते हैं मवेशी

भास्कर न्यूज़ | डूमरबहार

कृषि विज्ञान केंद्र में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते साय।

किसान खरीफ की फसल लेने के बाद में खेतों में अपने मवेशी को छोड़ देते हैं। जिससे किसानों को कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है और वे किसान अपने मेहनत में असफल होते हैं। इसलिए अब किसानों को भी अपने खेतों में समय पर अपना बायोमेट्रिक लगाना होगा, तब भारत के प्रधानमंत्री के सपनों का भारत बनेगा और नया भारत का निमार्ण होगा।

यह बात अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय ने यहां के कृषि विज्ञान केंद्र में 2017 से 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए आयोजित कार्यक्रम संकल्प सिद्धि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि धान की फसल से अब किसानों को नकदी फसल लेने की और अग्रसर होने की जरूरत है। भले ही हमारे क्षेत्र में टमाटर की फसल नकदी लेने के लिए है, लेकिन कच्चा माल होने के कारण किसान इसको अधिक समय तक सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए हमारे कृषि वैज्ञानिकों को इस पर कुटीर उद्योग लघु उद्योग पर कार्य करने की जरूरत है। श्री साय ने कहा कि सरगुजा में गन्ने की फसल से सरगुजा की तस्वीर बदली है। गन्ने की फसल से टमाटर व धान की फसल से अधिक मुनाफे की उम्मीद है। किसानों को अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों के बताए अनुसार उन्नत बीज व उन्नत कृषि प्रणाली अपनाना होगा। उसके साथ ही किसानों को फसल चक्र अपनाने की बात भी श्री साय के द्वारा कही गई। कार्यक्रम को संसदीय सचिव शिवशंकर साय ने भी संबोधित करते हुए कहा कि 2003 में जब से भाजपा की सरकार बनी है, सरकार के द्वारा किसानो की सिचाई सुविधा को बुझाने के लिए पत्थलगांव में ही लगभग 8 से 10 जलाशय बनाया गया है।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi